आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के अनुसार प्रदेश ने पिछले 3 वर्षों में अपने संसाधनों से अर्जित किया 26 हजार 6 सौ 83 करोड़ का राजस्व।

- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने प्रदेश में दवाओं के सैंपल फेल होने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण– कहा– दोषी कंपनियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।

- सशस्त्र सीमा बल ने धूमधाम से मनाया अपना 62वां स्थापना दिवस– बल के शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।

- प्रदेश में पल्स पोलियो अभियान के तहत कल 6 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य।

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए प्रदेश सरकार ने नहीं की कोई गंभीर पहल।

<u>राजस्व</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश ने पिछले तीन वर्षों में अपने संसाधनों से 26 हज़ार 6 सौ 83 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया है। ये पिछली सरकार के औसत राजस्व से 3 हज़ार 8 सौ करोड़ रूपये अधिक हैं। उन्होंने बताया कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने शराब के ठेकों के लिए नीलामी सह निविदा प्रणाली लागू की जिससे 5 हज़ार 4 सौ 8 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में ये राशि केवल एक हज़ार एक सौ 14 करोड़ रूपये थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

<u>स्वास्थ्य मंत्री</u>

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने प्रदेश में दवाओं के सैंपल फेल होने के मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि ये दवा निर्माता कम्पनियां सोलन ज़िले के बद्दी और नालागढ़ क्षेत्र की हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और जांच सही पाए जाने पर दवा कम्पनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच दवाओं के सैंपल फेल होने के मामले को गंभीर बताते हुए भाजपा ने इसे प्रदेश सरकार की लापरवाही का नतीजा करार दिया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में बनी 47 दवाओं के सैंपल फेल होना इस बात का प्रमाण है कि दवा निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी तब तक ऐसी घटनाएं रूकने वाली नहीं है।

<u>कृषि मंत्री</u>

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों को जनसमस्याओं का तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर भी बल

दिया। चंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपये की लागत से सड़कों के उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं।

## सशस्त्र सीमा बल

सशस्त्र सीमा बल ने आज अपना 62वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कांगड़ा ज़िले के सपड़ी में बल की स्थापना परेड का आयोजन किया गया। सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक संजय सिंघल ने परेड का निरीक्षण कर भव्य परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बल के 51 शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने का कार्यक्रम था लेकिन प्रतिकूल मौसम और उड़ानदस्ता की तकनीकी समस्या के कारण वे समारोह में शामिल नहीं हो सके। इस दौरान बल के महानिदेशक ने केन्द्रीय गृह मंत्री का व्यक्तिगत संदेश पढ़ कर सुनाया। अपने संदेश में अमित शाह ने बल के अधिकारियों व जवानों को बधाई देते हुए उनके साहस, समर्पण और सीमाओं की सुरक्षा में अतुलनीय योगदान की सराहना की। सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक ने कहा कि एस.एस.बी ने बदलती सीमावर्ती और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद स्वयं को एक सशक्त, सक्षम और बहुआयामी बल के रूप में स्थापित किया है।

## फोरलेन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने चण्डीगढ़–शिमला फोरलेन की बदहाल स्थिति का मामला लोकसभा में मजबूती से उठाने के लिए कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी का आभार जताया है। एक बयान में विनय कुमार ने कहा कि ये फोरलेन आए दिन भूस्खलन के कारण बाधित रहता है जिससे आम लोग, पर्यटक, मरीज और आपात सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने प्रदेशहित में खामियों को उजागर किया है और ऐसे गंभीर मुद्‌दों का त्वरित समाधान अनिवार्य है।

## बजट सुझाव

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट के लिए नागरिकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। बजट फरवरी में पेश किया जाएगा। इस पहल का उद्‌देश्य समावेशी विकास और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देते हुए जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखना है। सुझाव डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डॉट माई गॉव डॉट इन पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं।

## पोलियो अभियान

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत कल प्रदेश में 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और प्रदेशभर में 5 हज़ार 7 सौ 93 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इस अभियान के तहत राज्य में 6 लाख 25 हज़ार से अधिक बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज शिमला में बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 11 हज़ार 7 सौ 6 टीकाकरण टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार पर्यटन स्थलों, निर्माण स्थलों और दुर्गम क्षेत्रों को अभियान के तहत विशेष रूप से कवर किया जा रहा है।

कल पोलियो खुराक पीने से वंचित रहने वाले बच्चों को 22 व 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये खुराक पिलाएंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार कोई गंभीर पहल नहीं कर रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आजतक यह नहीं बताया कि व्यवस्था परिवर्तन के तहत उन्होंने ऐसे क्या कदम उठाए हैं जिससे हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर बन सके। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठे भाषणों व आंकड़ों और निराधार बयानों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इसे लिए प्रभावी आर्थिक सुधार, उद्योगों को संरक्षण और रोजगार सृजन की ठोस नीति की आवश्यकता होती है, जिसमें वर्तमान सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश की बेहतरी के लिए सरकार को सरकार को झूठ बोलने के बजाए जनहित कार्यों पर ध्यान देने की सलाह दी है।